हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 जुलाई 2026

04 तीर्थ दर्शन यात्रा में 260 श्रद्धालु हरिद्वार-ऋषिकेश...




07 मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत श्रद्धालु हुए...





### खाद्य सुरक्षा विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई

# इटारसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को परोसा जा रहा था धीमा जहर, 550 कि. सड़ा खाना नष्ट किया

खाद्य सुरक्षा विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को रेलवे स्टेशन पर खानपान की सप्लाई करने वाले कारखानों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खाद्य सुरक्षा विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को रेलवे स्टेशन पर खानपान की सप्लाई करने वाले कारखानों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। इस छापामारी से स्टेशन पर यात्रियों की सेहत के साथ किए जा रहे बड़े खिलवाड़ का भंडाफोड़ हुआ है। टीम ने 12 बंगला क्षेत्र में स्थित तीन बड़े कारखानों पर दबिश देकर करीब साढ़े पांच क्विंटल (550 किलो) दूषित खाद्य पदार्थ मौके पर ही नष्ट करवाए हैं।

### बिना लाइसेंस चल रहा कारखाना सील

जांच के दौरान टीम को एक कारखाने में भारी अनियमितता मिली। संबंधित कैटरर्स के पास खाद्य विभाग का वैध लाइसेंस तक नहीं था। बिना लाइसेंस और तय मानकों का उल्लंघन कर यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ करने के आरोप में इस कारखाने को तुरंत सील करने की कार्रवाई की जा रही है।



स्टेशन पर केवल खाना बेचना एक व्यवसाय हो सकता है, लेकिन सड़ा-गला खाना परोसना सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। 12 बंगला के इन कारखानों पर पहले भी कार्रवाई हुई है, लेकिन हकीकत इससे अलग है।

### आखिर कब तक यात्रियों की थाली में परोसा जाता रहेगा 'धीमा जहर'?

12 बंगला के कारखानों में आज जो सड़े हुए आलू, बदबूदार ग्रेवी और एक्सपायर्ड ब्रेड का जखीरा मिला है, उसने एक बेहद डरावना सवाल खड़ा कर दिया है। न जाने कब से, कितनी ही ट्रेनों में यह दूषित खाना हर दिन सप्लाई किया जा रहा था? न जाने देश के किस-किस कोने से आने वाले कितने मासूम यात्रियों को यह 'धीमा जहर परोसा गया होगा? इसका सटीक आकलन कर पाना शायद किसी के बस में नहीं है। रेलवे का सफर करने वाले न जाने कितने मुसाफिर सफर के दौरान या घर पहुंचकर अचानक बीमार हुए होंगे, कितनों का स्वास्थ्य बिगड़ा होगा—इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। आज की कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि चंद मिलावटखोरों के लिए यात्रियों की जान की कोई कीमत नहीं है।

### सड़े आलू, बदबूदार ग्रेवी और एक्सपायर्ड ब्रेड से बन रहा था खाना

प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से 12 बंगला इलाके में हड़कंप मच गया। टीम ने जब कारखानों के अंदर का नजारा देखा तो अधिकारी भी दंग रह गए। यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन के नाम पर वहां भयंकर गंदगी के बीच सड़े हुए आलू, बदबूदार समोसे, खराब हो चुकी ग्रेवी, एक्सपायर्ड ब्रेड, अंडे, घटिया मसाले और सड़ी-गली सब्जियां रखी हुई थीं। टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए इन सभी दूषित सामग्रियों को जब्त कर नष्ट करवा दिया।

### राहुल इंटरप्राइजेस, अतुल और होटल धर्मराज पर एक्शन

अधिकारियों के अनुसार, यह बड़ी कार्रवाई 12 बंगला स्थित राहुल इंटरप्राइजेस, अतुल और होटल धर्मराज के कारखानों में की गई है। करीब एक दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की इस संयुक्त टीम का नेतृत्व खुद एसडीएम नीलेश शर्मा कर रहे थे। टीम में पुलिस विभाग से एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा, तहसीलदार सुनीता साहनी, खाद्य सुरक्षा विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावर, जितेन्द्र राणा सहित तीनों विभागों के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### लगातार कार्रवाई न होने से हौसले बुलंद

12 बंगला स्थित इन खानपान के कारखानों पर बहुत दिनों बाद इस तरह की कोई बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी यहां कई बार बड़ी कार्रवाइयां हुई हैं, लेकिन प्रशासन की जांच में निरंतरता नहीं रहने के कारण यह अवैध और जानलेवा धंधा कुछ दिनों बाद पुनः फलने-फूलने लगता है। अब देखना यह होगा कि इस बड़ी कार्रवाई के बाद क्या प्रशासन इन मिलावटखोरों पर आगे भी नकेल कस कर रखता है या नहीं।

## भाषा संवाद का साधन नहीं, बल्कि समाज की आत्मा की धड़कन है

### 'हां मां भी सिंधी अहियां' का हुआ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जड़ें जितनी गहरी होती हैं, संस्कृति का वृक्ष उतना ही अमर होता है। भाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि किसी भी समाज की आत्मा की धड़कन होती है।

रविवार, 19 जुलाई का दिन इटारसी के इतिहास में सिंधी समाज के लिए केवल मनोरंजन का एक दिन नहीं था, बल्कि यह अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटने और उस पर गर्व करने का एक ऐतिहासिक उत्सव था। सिनेमा स्टूडियो पार्क आज एक थियेटर मात्र नहीं रहा, बल्कि वह एक ऐसा संगम बन गया जहां सिंधी समाज की तीन पीढ़ियां—वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और नन्हे बच्चे—एक साथ अपनी मातृभाषा के सत्कार में खड़े थे। अवसर था सुपरहिट सिंधी फिल्म 'हा मां भी सिंधी अहिंयां' (हां, मैं भी सिंधी हूं) के विशेष प्रदर्शन का।

### क्या है इस फिल्म का मर्म?

भगवान मुक्ता चंदानी द्वारा निर्मित और आरके गिडवानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म केवल पर्दे पर चलती कुछ दृश्यों की कहानी नहीं है, बल्कि यह हर उस सिंधी परिवार के अंतर्मन की आवाज है जो आधुनिकता के दौर में अपनी भाषा और जड़ों को पीछे छोड़ रहा है। फिल्म का मूल मर्म 'मातृभाषा की अहमियत और सांस्कृतिक संरक्षण' है। यह एक भावनात्मक पारिवारिक ताना-बाना है जो दर्शक को अंदर तक झकझोरता है और यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि भाषा लुप्त हो गई, तो पहचान भी धुंधली हो जाएगी।

## गंदे पानी की सप्लाई से बीमारी का खतरा, नपा के खिलाफ फूटा आक्रोश, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के कई वार्डों में जहां पानी के लिए हाहाकार मचा है, वहीं जिन इलाकों में नलों से पानी आ रहा है, वह इतना मटमैला और बदबूदार है कि उसे पीना बीमारियों को खुला निमंत्रण देने जैसा है। वार्ड नंबर 12 और बंगाली कॉलोनी के रहवासी पिछले 8-9 दिनों से नलों से आ रहे काले-मटमैले पानी को पीने को मजबूर हैं। आम आदमी पार्टी के नेता कुलभूषण पाराशर द्वारा इस दूषित पानी के वीडियो और तस्वीरें साझा करने के बाद नपा के दावों की पोल खुल गई है। नागरिकों में भारी आक्रोश है और उनका सीधा सवाल है कि पूरा टैक्स वसूलने के बाद भी नपा साफ पानी क्यों नहीं दे पा रही है? क्या प्रशासन किसी गंभीर महामारी के फैलने का इंतजार कर रहा है? इस गंभीर समस्या को लेकर जल शाखा प्रभारी



व उपयंत्री आदित्य पांडेय का कहना है कि गंदे पानी की सूचना मिली है। कहीं पाइपलाइन में लीकेज है, जिसकी तलाश की जा रही है। उसे जल्द ठीक कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा।

### गौशाला को पर्यटन केंद्र बनाने की तैयारी

**नर्मदापुरम।** जिले में बारिश के दौरान सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में सोहागपुर तहसील के मगरिया ग्राम स्थित 75 एकड़ में बनी गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यहां की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। गौशाला में वर्तमान में लगभग 250 गोवंश संरक्षित हैं। इनके लिए भूसा, दाना, गुड़, स्वच्छ पेयजल के साथ गर्मी से बचाव के लिए पंखे और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था है।

## इटारसी के वार्ड 11 और 12 की जर्जर सड़क से रहवासी बेहाल

### कांग्रेस ने किया दौरा, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वार्ड क्रमांक 11 और 12 में सीमेंट सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने दोनों वार्डों का दौरा कर आम जनता की समस्याएं सुनीं। जर्जर सड़क और वार्ड में पसरी गंदगी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपने और जल्द निर्माण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

दौरे के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि इस मार्ग पर आवागमन सबसे ज्यादा है, लेकिन सड़क की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। लगातार गाड़ियां पंचर हो रही हैं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना



करना पड़ रहा है। जनहित में सड़क का निर्माण अति शीघ्र होना चाहिए। वहीं, पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर ने बताया कि सड़क से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क इतनी जर्जर है कि बुजुर्ग ठोकर खाकर गिर रहे हैं और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर जल्द ही सीएमओ मैडम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### निर्माण नहीं तो होगा आंदोलन

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं किया गया, तो कांग्रेसजन सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ओम सेन, जिला अनुशासन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र मालवीय, कांग्रेस नेता रामनारायण गौर, पूर्व पार्षद लखन राठौर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, पूर्व एल्डरमैन अनिल बस्तवार, प्रदीप पहलवान, चंद्रकांत बहारे, सुशील बस्तवार, किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अखिलेश पटेल, राजेंद्र गोस्वामी,अनुज सोनकर, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के तीर्थ का सपना किया साकार, 260 तीर्थ यात्रियों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के 260 वरिष्ठ नागरिकों को रविवार को इटारसी नगर पालिका के सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा सम्मानपूर्वक तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। नगर पालिका ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में यात्रियों का स्वागत, जलपान एवं यात्रा टिकट वितरण किया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु दोपहर 1:30 बजे इटारसी रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा हरिद्वार एवं ऋषिकेश के लिए रवाना हुए। यात्रा पूर्ण कर सभी यात्री 22 जुलाई को वापस लौटेंगे।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना मध्य प्रदेश सरकार की ऐसी महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिल रहा है। यह योजना उन बुजुर्गों के लिए बड़ी सौगात है, जो आर्थिक कारणों से जीवन में कभी तीर्थ नहीं कर पाते। सरकार उनकी आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा, आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रही है।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर बबीता ठाकुर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, मयंक महतो, एल्डरमैन रेखा मालवीय, आशीष कुमार मालवीय, अतुल शुक्ला एवं संजीव हूरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## रासायनिक खेती से किसान बनाएं दूरी, जैविक खेती करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह डीडीए सर के मार्ग दर्शन में ब्लॉक केसला में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न किया गया जिसमें केसला ब्लॉक के सभी एवं प्रोग्रेसिव किसान उपस्थित रहे संस्था मार्क एग्री जेनेटिक्स प्रालि द्वारा द्वितीय वर्ष प्रशिक्षण सहभागित कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह, के बी के वरिष्ठ बैज्ञानिक डॉ संजीव कुमार गर्ग, सहायक संचालक कृषि अर्चना परते, जिला परामर्श दाता शवालेक , केसला सुनील कुमार उईके ए एस कासदे एवं दीपक कुमार चौरे उपस्थित रहे एवं संस्था मार्क एग्री जेनेटिक्स प्रालि के प्रोजेक्ट हेड अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जैविक खेती के बारे मे सभीको विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान सभी लोगों को रासायनिक खेती से दूरी बनाने एवं जैविक खेती के तरफ अग्रसर होने एवं अपनाते हुए कम लागत की खेती करना जैविक खाद जैसे जीवामृत बीजामृत नीमास्त्र दशपाणी अर्क वर्मिकम्पोस्ट खाद इत्यादि जैविक खाद तैयार करना मिट्टी को सुधार करना क्वालिटी की तरफ जाना एवं साथ में मूल्य संवर्धन कर आर्गेनिक उत्पाद का विपणन करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

## सांसद माया नारोलिया के प्रयासों से पेंशनरों की दो दशक पुरानी समस्या हल, धारा 49(6) हटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लाखों पेंशनभोगियों को बड़ी राहत मिली है। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के अथक प्रयासों से महंगाई राहत में बाधा बनी दो दशक पुरानी वैधानिक विसंगति को स्थायी रूप से समाप्त कर दिया गया है। इसके तहत अब दोनों राज्यों को पेंशनरों की महंगाई राहत घोषित करने के लिए एक-दूसरे की पारस्परिक पूर्व-सहमति की अनिवार्यता पूर्णतः समाप्त कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि 'भारत पेंशनर्स समाज' जिला शाखा-नर्मदापुरम और पेंशनर महासंघ ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर राज्य



पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) के कारण फाइलों में होने वाले प्रशासनिक विलंब से अवगत कराया था।

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सांसद नारोलिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर इस विसंगति को दूर करने का आग्रह किया था।

करीब दो वर्षों की सतत कार्यवाहियों और नीतिगत मंथन के बाद, मप्र शासन के वित्त विभाग ने आधिकारिक आदेश जारी कर आपसी सहमति का नियम तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया है। अब दोनों राज्य सरकारें स्वतंत्र रूप से कार्यकारी आदेश जारी कर सकेंगी और केवल सूचना के लिए एक-दूसरे को पत्र प्रेषित करेंगी।

## रेलवे स्टेशन के पास बाबासाहेब की प्रतिमा लगाने की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेलवे स्टेशन से 500 मीटर दूर खाली पड़े भूखंड पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग तेज हो गई है। भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। नेताओं ने नाराजी जताई कि सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखने और डीआरएम भोपाल पंकज त्यागी को लगातार स्मरण पत्र भेजने के बाद भी अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। वर्तमान में इस जगह पर अवैध वेंडरों का अतिक्रमण है। महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबन रावत ने भी मांग का समर्थन किया है। पदाधिकारियों ने रेलवे प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर जल्द अनुमति देने की मांग की है। निरीक्षण के दौरान राजू सिकन्दर, विनोद लोंगरे, रमेश उपरारिया, आदि शामिल रहे।

### नयागांव से हनोतिया ग्राम तक 4.21 करोड़ से निर्मित होगी सड़क

## क्षेत्र को मिली विकास की नई सौगात, 4.21 करोड़ की लागत से नयागांव–हनोतिया सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

होशंगाबाद–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रविवार को पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव से हनोतिया ग्राम तक 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क के 4.21 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सांसद चौधरी ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की




बेहतर सुविधा मिलेगी, कृषि उत्पादों के परिवहन में सुगमता आएगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत अधोसंरचना से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में लाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है। जनविश्वास, जनसहयोग और जनकल्याण के संकल्प के साथ विकसित मध्यप्रदेश एवं विकसित भारत के निर्माण की दिशा में कार्य निरंतर जारी है।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, नवनीत नागपाल, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे, गोपाल दास दूदानी, अर्चना साहू, संजीव मालानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भागवती रमेश पटेल, पलाश शुक्ला, छोटे साहब, प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया, जनपद उपाध्यक्ष पूर्णिमा पटेल, सरपंच जीजनबाई ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## इनरव्हील क्लब नर्मदापुरम रॉयल्स ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामाजिक गतिविधियों कि अपनी जिम्मेदारियों के परिप्रेक्ष्य मे इनरव्हील क्लब नर्मदापुरम रायल्स द्वारा ग्राम डोंगरवाड़ा मे सरपंच माखन कीर एवं ग्रामवासियो कि उपस्थिति मे छायादार एवं फलदार वृक्षो को लगाया गया।




क्लब कि मीडिया प्रभारी रीना चौकसे ने बताया कि क्लब कि अध्यक्ष ममता शर्मा के नेतृत्व मे सभी सदस्यो द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसके तहत आम, बादाम, गुलमोहर, अमरुद, बेलपत्र एवं नीम के पौधे लगाए गये। सचिव कविता करैया ने बताया कि आगे भी क्लब द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत विभिन्न कार्य किये जावेंगे। उक्त अवसर पर आरती चौकसे, रिचा दुबे, रिचा शर्मा, आरती फौज़दार, ज्योति अग्रवाल सहित क्लब सदस्य एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अण्णा भाऊ अद्भुत और बहु प्रतिभा के धनी



**बैतूल।** साहित्यरत्न ,लोकभूषण, लोकशाहीर, तुकाराम भाऊराव साठे (अण्णाभाऊ साठे) की पुण्यतिथि पर मांग समाज के सामाजिक बंधुओ ने पुण्यतिथि मनाई। समाज द्वारा अण्णा भाऊ साठे की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर और पुष्पवर्षा की। इस मौके पर समाज के मधुकर राव देव्हारे ने बताया कि श्री साठे ने गरीबों, श्रमिकों, सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्य किया और मानवता का सपना देखा। साहित्यरत्न लोक शाहिर डॉ.अन्नाभाऊ साठे भारत के मराठी समाज सेवक, लोक कवि, नाटककार और लेखक थे जिसने अपने साहित्य से पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। मातंग समाज में जन्में अन्नाभाऊ साठे केवल डेढ़ दिन शाला गए और उन्होंने लगभग 35 उपन्यास, 13 कहानी संग्रह लिखे जो उनकी अदभुत प्रतिभा को दर्शाता है। उन्होने 14 लोकनाट्य, 3 नाटक, एक यात्रा वृत्तांत, दर्जनों पोवाड़े और लोकगीत लिखे हैं। उनकी प्रमुख रचनाओं में फकीरा, वैजयंता, चंदन, चिखलातील कमल, माकडीचा माळ, वारणेचा वाघ, रानगंगा और मेरी रूस यात्रा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कई लोकगीत और पोवाड़े भी लिखे हैं। आज उनके लिखो फकीरा कादंबरी पर सैंकड़ों लोग पीएचडी कर रहे हैं। आनंद राव गोरले, सतीश जौंधलेकर, कृष्णा सोनारी, गब्बर खडसे, रज्जा डोंगरे, प्रकाश तेलंगे, दिनेश खंडारे, देवेंद्र देव्हारे, लखन खड़से सहित सामाजिक बंधु मौजूद थे।

### सिकल सेल और थैलेसीमिया बच्चों की मदद के लिए एकजुट हुए सामाजिक संगठन

**बैतूल।** सिकल सेल और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता और उनके उपचार के लिए मां शारदा सहायता समिति एवं विभिन्न समाजसेवी संगठनों की बैठक आयोजित हुई। इसमें इन गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों तक हर संभव मदद पहुंचाने और समाज की भागीदारी बढ़ाने पर सहमति बनी। बैठक में कहा गया कि समय पर उपचार, नियमित रक्तदान और जनजागरूकता से कई बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से जल्द ही राज्यस्तरीय जनजागरूकता एवं सहयोग अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अभियान के माध्यम से रक्तदान, स्वास्थ्य जांच और सिकल सेल व थैलेसीमिया के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में मौजूद सदस्यों ने समाज से इस मानवीय अभियान में सहभागी बनने और पीड़ित बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सहयोग करने की अपील की।

### पत्नि की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**बैतूल।** पत्नी की बेरहमी से हत्या



करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्या का सफल खुलासा किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को फरियादी अवतार धुर्वे ने थाना शाहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता भरत धुर्वे ने उसकी माता कलावती धुर्वे के साथ मारपीट कर उनकी हत्या कर दी है। रिपोर्ट पर थाना शाहपुर में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (क्चहस्) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की गई। 19 जुलाई को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने घर ग्राम पाठई आया है। सूचना पर थाना शाहपुर पुलिस ने तत्परता एवं सूझबूझ से कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी हमेशा वाद-विवाद करती थी एवं कहना नहीं मानती थी। घटना के दिन भी इस पत्नी से बहस हुई थी।

---

भोपाल की कंपनी को मिला बैतूल -इटारसी के बीच फोरलेन निर्माण का ठेका

# 700 करोड़ में बनेगी 21 किमी फोरलेन सड़क, आवागमन हो जाएगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-इटारसी फोरलेन के बीच बचे 21 किमी सडक़ निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। सिर्फ हाईकोर्ट से स्टे हटाने की देरी है। जैसे ही स्टे हटेगा, सडक़ निर्माण का काम शुरू कर दिया जायेगा। फिलहाल सडक़ निर्माण को लेकर टैंडर भी हो चुके है। एनएचएआई द्वारा भोपाल की एक कंपनी को टेंडर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 21 किमी सडक़ निर्माण के इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 700 करोड़ रूपये खर्च होगे। इधर टैंडर प्रक्रिया के बाद कंपनी द्वारा प्लांट लगाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। वन क्षेत्र में आने वाले इस क्षेत्र में वन्य जीवों की आवाजाही के लिए जगह-जगह अंडरपास और ओवरपास बनाए जाएंगे। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लगभग दो से ढाई साल की अवधि में उक्त प्रोजेक्ट पूर्ण किया जाएगा। बरेठा सहित धार और केसला वन क्षेत्र में फोरलेन सडक़ निर्माण होने से भोपाल तक का सफर आसान हो जाएगा। बता दे कि बैतूल जिले के बरेठा सहित नर्मदापुरम के धार और केसला में आने वाली इस सडक़ के निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक लगी थी। जिसके कारण यह सडक़ नहीं बन पाई और इटारासी-बैतूल के माध्यम लगभग 21 किलोमीटर का भाग शेष रह गया था। लेकिन फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुरूप प्लान बना लिया है और वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केंद्र सरकार से सभी जरुरी अनुमतियां भी प्राप्त कर ली है। अब हाईकोर्ट का स्टे औपचारिक रूप से हटते ही यहां निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### आसानी हो जायेगा नागपुर-भोपाल का सफर

नागपुर-भोपाल जैसी दो बड़े महानगरों को जोडऩे वाले नेशनल हाइवे पर अब तक अवरोध बैतूल जिले में स्थित बरेठा घाट बचा है। भोपाल और नागपुर के बीच



आवागमन को सुगम और तेज करने के लिए वैसे तो कई साल पहले बैतूल से नागपुर और बैतूल से भोपाल के लिए फोरलेन नेशनल हाईवे को एक साथ मंजूरी मिली थी। इसमें से बैतूल से नागपुर तक 173.3 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-47) बहुत पहले बन कर तैयार हो चुका। इसके विपरीत बैतूल से इटारसी के बीच 21 किमी के क्षेत्र में सडक निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट की रोक थी। नागपुर (महाराष्ट्र) के एक एनजीओ ने टाइगर कॉरिडोर और बाघ मूवमेंट होने के कारण इस 21 किमी निर्माण कार्य नहीं किए जाने पर स्टे लेकर रखा है। हालांकि यह स्टे अभी हटा नहीं है, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सूत्रों के अनुसार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के स्टे के बाद जिन आवश्यक अनुमतियों की जरूरत थी, उनमें वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी स्वीकृतियों सहित अन्य केंद्रीय मंजूरियां अब प्राप्त हो चुकी हैं।

### अंडरपास और ओवरपास भी बनेंगे

सडक़ निर्माण के दौरान चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्थायी समाधान किया जाएगा। इसके लिए विशेष रेक्टिफिकेशन प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत माइनर ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही बॉक्स कलवर्ट पर कार्य किया जाएगा, जिसमें चौडीकरण और आवश्यक सुधार शामिल है। ट्रैफिक की निर्बाध और सुरक्षित बनाने के लिए रेलवे अंडरब्रिज, रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण भी होगा। इससे सडक की क्षमता बढ़ेगी और ट्रैफिक बिना रुकावट के चलते रहेगा। इस प्रोजेक्ट को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि आने वाले वर्षों में भी यह मार्ग सुरक्षित, सुगम और भरोसेमंद बना रहे। वर्तमान में मौजूद टू लेन सडक को फोरलेन में विकसित किया जाएगा, जिसमें सडक की चौड़ाई बढ़ेगी और बढ़ते ट्रैफिक के दबाव से राहत मिलेगी। रोजाना लगने वाले लंबे ट्रॉफिक जाम की समस्या कम होगी।

### हाईकोर्ट में दायर पीआईएल के बाद से रुका है काम

इटारसी-बैतूल के माध्यम बरेठा घाट का लगभग 21 किलोमीटर का भाग शेष रह गया था। इसमें केसला रेज, भौरा रेंज तथा बरेठा घाट के तीन खंड (कुल 20.91 किमी) सम्मिलित है। ये सभी खंड वन्यजीव, विशेषकर टाइगर मुवमेंट कॉरिडोर के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। इसी के चलते इन खंडों में निर्माण कार्य को 1 अप्रैल 2022 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के पश्चात सथगित कर दिया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए विभिन्न वैधानिक एवं पर्यावरणीय विशेष रूप से वन्यजीव संबंधों मंजूरियों की आवश्यकता थी। हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एनएचएआई ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरुप पूरी कर ली है। प्रोजेक्ट के लिए वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केन्द्र सरकार से सभी आवश्यक मंजूरिया प्राप्त हो चुकी है। अब अब उच्च न्यायालय द्वारा स्टे के औरचारिक रूप से हटने के संबंध में आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। जैसे ही न्यायालय से इसे संबंध में निर्देश प्राप्त होंगे, एनएचएआई द्वारा शेष बचे सेक्शन में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### दो से ढाई साल में होगा निर्माण पूर्ण

फोरलेन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लगभग 2 से ढाई साल में सडक़ निर्माण पूर्ण किया जाएगा। एनएचएआई सूत्रों के अनुसार हाईकोर्ट से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद अगले कुछ समय में सडक़ निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बरेठा घाट में लगभग 7 किमी सडक़ बनने के साथ ही धार और केसला के वन क्षेत्रों को मिलाकर कुल 21 किलोमीटर सडक़ निर्माण किया जाएगा। बताया जा रहा है कि टेंडर लेने वाली कंपनी द्वारा तीनों स्थानों पर कैंप बनाने जगह देखी जा रही है। तीनों स्थान पर सडक़ निर्माण होने के बाद बैतूल से भोपाल तक फोरलेन पूर्ण हो जाएगा और राजधानी का सफर आसान हो जाएगा। अभी हालात यह है कि बरेठा घाट में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस घाट सेक्सन को सडक सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील माना जाता है। यहां संकरी और घुमावदार दो-लेन सडक, ढलान और सीमित दृश्यता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

#### इनका कहना है

बैतूल-इटारसी के बीच फोरलेन सडक़ निर्माण को लेकर टैंडर हो चुके है। केवल हाईकोर्ट से स्टे हटना बाकी है। जैसे ही स्टे हटेगा, काम शुरू कर दिया जायेगा। यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 700 करोड़ की लागत से पूरा होगा।

**- मनीष मीणा,**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

---

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने दिखाई हरी झंडी

## तीर्थ दर्शन यात्रा में 260 श्रद्धालु हरिद्वार-ऋषिकेश रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के लगभग 260 श्रद्धालुओं को रविवार को हरिद्वार-ऋषिकेश की चार दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा रवाना किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने बुजुर्ग यात्रियों का पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया, उनका आशीर्वाद लिया तथा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, अपर कलेक्टर वंदना जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदिरा महतो सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना बुजुर्गों के सम्मान और उनकी आस्था को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जीवनभर परिवार और समाज की सेवा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने का अवसर देना सरकार की संवेदनशील सोच का परिचायक है। उन्होंने यात्रियों से यात्रा के दौरान आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने, देश की सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने तथा प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया।

उन्होंने सभी यात्रियों के सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यह हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा 19 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। यात्रा के लिए बैतूल जिले से कुल 260 यात्रियों का चयन किया गया है। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक चिकित्सक, पांच आरक्षक तथा पांच अनुरक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इस विशेष तीर्थ यात्रा में बैतूल के साथ नर्मदापुरम एवं सागर जिले के श्रद्धालु भी सहभागी हैं।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी ने सामाजिकजनों से की मुलाकात

**बैतूल।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी नितेश कौशल के बैतूल आगमन पर गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में




सामाजिकजनों ने उनका स्वागत कर स्नेह भेंट की। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रशांत गावंडे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजा साहू सहित समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष बंटी मालवीय, वरिष्ठ सामाजिकजन बलवीर मालवीय, बबलू मालवीय, जित्तू मालवीय सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

---

## ताप्ती समग्र फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

### ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 351 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 18 एवं 19 जुलाई को ताप्ती समग्र फाउंडेशन मुलताई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत घाट बिरोली में 151 पौधों, प्रभात पट्टन मोक्षधाम में 100 पौधों तथा नरखेड़ मोक्षधाम में 100 पौधों का रोपण किया गया। इस प्रकार दो दिवसीय अभियान में कुल 351 पौधे लगाए गए। ताप्ती समग्र फाउंडेशन द्वारा पिछले तीन वर्षों से निरंतर ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान संस्था द्वारा अब तक 600 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 400 पौधे आज भी जीवित हैं और क्षेत्र में



हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। ताप्ती समग्र फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव माकोड़े ने कहा कि ताप्ती जन्मोत्सव केवल एक पर्व नहीं, अपितु मां ताप्ती के प्रति श्रद्धा, प्रकृति संरक्षण और जनभागीदारी का अभियान है। हमारा प्रयास केवल पौधे लगाना नहीं, उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना है। आने वाले वर्षों में इस अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से जुड़ सकें। ताप्ती समग्र फाउंडेशन ने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी दिनेश महस्की, गायत्री परिवार के उत्तम गायकवाड़, पूर्व सरपंच सुभाष देशमुख, ताप्ती समग्र फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव माकोड़े, भूषण देशमुख, दुपेंद झरबड़े, कमलेश गायकवाड, सुमित बर्डे, सचिन बोहरपी, प्रणव बारस्कर, सूरज चरपे, देवेंद्र सोनारे, गन्नू झरबड़े, दुर्गेश पाल, डिम्पी साबले एवं राहुल गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

---

आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला बैठक संपन्न

## शक्ति केंद्र की सशक्त संरचना सफलता का सूत्र: पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी की आगामी कार्यक्रमो को लेकर कामकाजी जिला बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय विजय भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा दिए गए सभी संगठनात्मक कार्यक्रम बूथ स्तर पर पूर्ण रूप से सफल हो इसके लिए कार्यकर्ताओ को प्रण प्राण से जुट जाना है। श्री पंवार ने कहा कि शक्तिकेन्द्र की सशक्त संरचना संगठन के कार्यक्रमो को सफल बनाने के साथ साथ आने वाले चुनावो में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसीलिए संगठन विस्तार में प्रशिक्षण का खास महत्व है। बूथ स्तर से लेकर शक्ति केन्द्र और मंडल में दायित्ववान कार्यकर्ताओ की महत्ती जिम्मेदारी बनती है कि संगठन द्वारा निर्देशित कार्यक्रमो अपेक्षित रूप से सफल हो। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि पार्टी का इन दिनो डिजिटल लर्निंग अभियान चल रहा है। इस



अभियान में हमें अपेक्षित सफलता भी प्राप्त हुई है। आगामी दिनो में संगठन द्वारा सौपे गए कार्यक्रमो का डिजिटल प्लेटफार्म पर भी सौ प्रतिशत क्रियान्वयन हो इसके लिए सामुहिक प्रयास करने होगें। श्री सिंह ने शक्तिकेन्द्र और पंचपरमेंश्वर की भूमिका को संगठन और कार्यक्रमो के साथ साथ चुनावी सफलता का मुख्य आधार बताया बैठक का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा गायकी ने किया एवं अंत में आभार जिला महामंत्री डा.महेन्द्रसिंह चौहान ने व्यक्त किया। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष व मोर्चो के जिलाध्यक्ष गण मौजूद रहे।

---

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

## जिले में वैज्ञानिक पशुपालन के लिए किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पशुपालकों से संवाद कर उन्हें वैज्ञानिक पशुपालन, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान शासन की विभिन्न पशुपालन एवं दुग्ध विकास योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाकर आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत विकासखंड शाहपुर के ग्राम भौंरा में घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके एवं भूतपूर्व जनपद सदस्य अशोक सिरोटिया ने पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया।

इस दौरान पशुपालकों को गौरस ऐप की जानकारी दी गई तथा अभियान से संबंधित रील भी साझा की गई। क्षीरधारा ग्राम के संबंधित पशुपालक को माननीय विधायक द्वारा चरी-चारा बीज का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल सिंह एवं सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मुकुल चौधरी उपस्थित रहे। विकासखंड मुलताई के ग्राम मुलताई में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त



जिला पंचायत बैतूल अध्यक्ष राजा पवार ने पशुपालक प्रदीप पवार के यहां निरीक्षण एवं संवाद किया। इस अवसर पर उन्नत नस्ल के लिए कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स-सॉर्टेड सीमेन के उपयोग, संतुलित आहार, सायलेज, मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक के नियमित उपयोग तथा समय-समय पर टीकाकरण सहित आधुनिक वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक पशुपालन अपनाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने तथा अधिकतम आर्थिक लाभ अर्जित करने के उपायों से अवगत कराया गया।

पशुपालक द्वारा बताई गई आवश्यकताओं एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया। इसी क्रम में पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक, विधानसभा घोड़ाडोंगरी रामजीलाल उइके ने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का निरीक्षण किया।

---

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने टाला आंदोलन

## महंगाई राहत पर शासन के फैसले से बदल डाला अपना निर्णय

**बैतूल।** 22 जुलाई को भोपाल में प्रस्तावित प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतीय धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा पेंशनर्स के हित में धारा 49/6 को विलोपित करने तथा निर्धारित समय पर महंगाई राहत प्रदान किए जाने संबंधी आदेश जारी होने के बाद यह निर्णय लिया है। संगठन ने प्रदेश सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल एवं बैतूल के समस्त पेंशनर्स ने शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पेंशनर्स के हित में सकारात्मक पहल की गई है। इसी के चलते 22 जुलाई को भोपाल में आयोजित होने वाला प्रांतीय धरना-प्रदर्शन अब नहीं होगा। प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधोलिया तथा जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे ने भोपाल धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सहमति देने और सहयोग प्रदान करने वालों को धन्यवाद दिया।

---

## आनिक सिरोठिया का आईआईटी दिल्ली के बैचलर ऑफ डिज़ाइन पाठ्यक्रम में चयन

### यूसीईईडी में ऑल इंडिया रैंक 17 हासिल कर भौंरा का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर के छात्र आनिक सिरोठिया ने देश की प्रतिष्ठित



यूसीईईडी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 17 प्राप्त कर नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आईआईटी दिल्ली के बैचलर ऑफ डिज़ाइन पाठ्यक्रम में हुआ है। यूसीईईडी देश के प्रमुख आईआईटी संस्थानों में डिज़ाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। आनिक, मनीष कुमार सिरोठिया एवं मानसी सिरोठिया के पुत्र हैं। उनके पिता मनीष कुमार सिरोठिया शिक्षक हैं। आनिक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे भौंरा नगर में हर्ष का माहौल है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षा में इतनी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करना कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन का परिणाम है। आईआईटी दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश मिलने से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढऩे की प्रेरणा मिलेगी। आनिक की सफलता पर नगर के शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, शुभचिंतकों एवं नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

सावरकर स्विमिंग पूल में ट्रायथलॉन ट्रायल संपन्न

## 22 से 27 जुलाई तक नीमच में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्रीन सिटी विवेकानंद वार्ड स्थित वीर सावरकर नगर पालिका स्विमिंग पूल की वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को ट्रायथलॉन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्रायल में लगभग 40 से 50 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के आधार पर 22 से 27 जुलाई तक नीमच में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। खिलाडिय़ों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। प्रतियोगिता का संचालन स्विमिंग कोच रामबरन पाल एवं गोवर्धन यादव के मार्गदर्शन



में किया गया। शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन खिलाड़ियों के प्रदर्शन और तकनीकी दक्षता के आधार पर किया गया, ताकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बैतूल का मजबूत प्रतिनिधित्व हो सके। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जूनियर बालिका वर्ग में नव्या लोखंडे ने प्रथम, पूर्वी माकोड़े ने द्वितीय तथा तन्वी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में गगन पाल प्रथम, वेदांत पारखे द्वितीय तथा द्रेशल पल्ले तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में उत्कर्ष बारस्कर ने प्रथम, रुद्रांश शुक्ला ने द्वितीय तथा अंकित साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### नीमच में करेंगे बैतूल का प्रतिनिधित्व

ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 22 से 27 जुलाई तक नीमच में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन समिति और कोचों ने विश्वास जताया कि खिलाड़ी अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राज्य स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे। सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**खबर संक्षेप**

### राय ने किया सिद्धपुर निर्माण का भूमि पूजन

**सीहोर।** शहर के सौंदर्य करण को लेकर विधायक सुदेश राय सक्रिय



बने हुए हैं। दूसरे सिद्धपुर द्वार निर्माण का विधायक सुदेश राय ने भूमि पूजन किया। यहां सिद्धपुर द्वारा सागर चौपाल रफीगंज ढकिया फोरलेन हाईवे पर बनाया जाएगा। सैकड़ा खेड़ी जोड़ पर भी सिद्धपुर द्वार निर्माण शुरू हो चुका है। विधायक सुदेश राय के द्वारा इस सिद्धपुर द्वार का भी भूमि पूजन किया गया था। जल्दी ही सागर चौपाल पर भी सिद्धपुर द्वार निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके बाद क्रिसेंट चौराहा पर भी सिद्धपुर द्वार पूजन संपन्न होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में रफीगंज ढकिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सरपंच नीरज परमार, विजय यादव, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एकता वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 6 छात्राओं ने नीट यूजी हासिल की सफलता

**सीहोर।** सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर की छह छात्राओं ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा में निर्धारित अर्हता प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। सफल छात्राओं में करिश्मा, निकिता, गरिमा, मीरा, क्षमा एवं सजनी शामिल हैं। छात्राओं की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित अध्ययन, दृढ़ संकल्प तथा शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु MPTAAS पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। इसके साथ ही जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का आवेदन कराएं।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सीहोर।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सीहोर का आधिकारिक निरीक्षण कर संस्थान में संचालित प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, स्वरोजगार आधारित गतिविधियों एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। संतोष व्यक्त करते हुए सराहना की।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतगर्त श्रद्धालु हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के 18 श्रद्धालु तीर्थयात्रियों को पवित्र तीर्थस्थलों हरिद्वार एवं ऋषिकेश की यात्रा के लिए शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल एवं पुण्यदायी तीर्थ दर्शन की कामना की गई।

#### श्रद्धालुओं को दी मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं

श्रद्धालुओ को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं दी गई साथ ही विदाई समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभ यात्रा का संदेश दिया। इस दौरान ईश्वर से प्रार्थना की गई कि सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित, सफल एवं पुण्यदायी रहे तथा माँ गंगा और भगवान भोलेनाथ की कृपा सभी यात्रियों पर सदैव बनी रहे।



#### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश (रिंकू) जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अमर सिंह उइके, वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेन्द्र गौर, तुलसीराम कुशवाहा, किरण बाथव राठौर, दीपक बाथव, दुर्गेश उइके, शिव राठौर सहित नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। परिजनों ने तीर्थयात्रियों को विदाई देते समय उनका उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया , तीर्थयात्रीयों को यात्रा के दोरान शरीर को स्वस्थ रहने की सलाह भी दी गई।

# शोभापुर में किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम व सोहागपुर तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अतुल कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में सतत रूप से विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गत दिवस इसी क्रम में शोभापुर में शिविर किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट तेजदीप सिंह साशन की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन में यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपस्थित लोगों को विधिक सहायता, न्यायिक प्रक्रिया एवं लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एवं उनके द्वारा न्यायिक लेख की प्रक्रिया में पूछे गए सवालों का उत्तर भी दिया गया। शिविर में ग्रापं सरपंच व सचिव सहित सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## एसडीएम ने तत्काल आबकारी विभाग को किया निर्देशित, नष्ट कराया महुआ लाहन

# आदिवासी महिलाओं ने उठाई अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ लाठी

अवैध शराब के विरोध में लेकर सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम कामती की महिलाएं रविवार को लामबंद हो गईं। उन्होंने अवैध शराब बनाने का स्थल घेरकर महुआ अपने लाहन कब्जे में ले लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अवैध शराब के विरोध में लेकर सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम कामती की महिलाएं रविवार को लामबंद हो गईं। उन्होंने अवैध शराब बनाने का स्थल घेरकर महुआ अपने लाहन कब्जे में ले लिया। जिसके बाद सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर की सूचना पर आबकारी विभाग को कामती पहुंचकर कार्रवाई करनी पड़ी।

ग्राम कामती निवासी देवीसिंह तथा बबलू भल्लावी ने बताया कि ग्राम में लंबे समय से महुआ से अवैध कच्ची शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसकी सूचना कामती में मई 2026 में हुई रात्रि चौपाल में नर्मदापुरम्-कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष दी गई थी। लेकिन आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। जिसके चलते रविवार को ग्राम कामती की महिलाएं एकत्र हुईं। सभी ने लाठियां थामी और कामती के समीप जंगल में अवैध महुआ शराब बनाने के स्थल पहुंचीं। उन्होंने चारों ओर से स्थल को घेरा और कुप्पों में भरे अवैध महुआ लाहन को कब्जे में लिया। जिसकी सूचना हरिभूमि को मिली। हरिभूमि ने तत्काल मामले की सूचना सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर को दी। डॉ. बबीता राठौर ने भी बिना देर किए घटना से आबकारी जिलाधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद आबकारी विभाग के जिला व तहसील स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने कार्रवाई की है। मामले में हरिभूमि से चर्चा में सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने कहा कि अवैध शराब बनाने पर एवं बिक्री पर रोक के लिए नर्मदापुरम् जिला प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। नर्मदापुरम् कलेक्टर के निर्देशानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### नष्ट किया महुआ लाहन

मामले में आबकारी विभाग कर्मचारियो से हरिभूमि ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि कामती के समीप से प्लास्टिक के कुप्पों में अवैध महुआ लाहन पकड़ा गया। तथा लाहन को नष्ट किया गया है। आबकारी कर्मचारियों ने बताया कि ग्राम बिछुआ के किसी महेंदर द्वारा अवैध महुआ लाहन से कच्ची शराब बनाने की जानकारी कामतीवासियों ने दी। जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम ग्राम बिछुआ पहुंची, लेकिन महेंदर वहां नहीं मिला। कर्मचारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

#### 20 हजार रुपये का लाहन किया जब्त

आबकारी विभाग के नर्मदापुरम् निरीक्षक कृष्ण कुमार पडरिया ने मामले में बताया कि 200 किलोग्राम अवैध महुआ लाहन जप्त किया गया था। इस सामग्री को अनुपयोगी बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि जप्त किए गए अवैध महुआ लाहन की कीमत लगभग 20 हजार रुपये है। आरोपी पकड़ने बाबत सवाल पर पडरिया ने कहा कि विवेचना की जा रही है। जल्द ही नामजद प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने मांग की है कि आबकारी विभाग की सतत गश्ती होती रहे। इससे अवैध महुआ शराब बनाने के काम पर रोक लग सकती है।

#### जारी है विवेचना

मामले में विवेचना जारी है। 34(1)(च) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। ग्रामीणों ने कुछ आरोपियों के नाम बताएं हैं। उन्हें तलाशा जा रहा है। पूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों पर कार्रवाई करेंगे।

**कृष्ण कुमार पडरिया, उप निरीक्षक आबकारी विभाग,नर्मदपुरम**

### घर-घर यज्ञ, हर-घर यज्ञ अभियान के तहत 4 दिन में 5 यज्ञ, दो रात्रिकालीन सत्र संपन्न

**सीहोर।** पर्यावरण शुद्धि और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर, आर्य वीर दल एवं मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के संयुक्त तत्वावधान में जिले भर में घर-घर यज्ञ हर-घर यज्ञ अभियान तेजी से चल रहा है।मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री प्रकाश जी आर्य एवं महामंत्री श्री अतुल वर्मा जी के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत 15 से 17 जुलाई तक लगातार यज्ञ और बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। 15 जुलाई को शाजापुर जिले के ग्राम मुरावर में अभियान का 22वाँ एवं 23वाँ वैदिक यज्ञ सम्पन्न हुआ। सायं 5 से 7 बजे तक चले यज्ञ में वैदिक मंत्रों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। 16 जुलाई को प्रातः 8 से 11 बजे तक ग्राम कर्मण खेड़ी के श्री राम मंदिर में 24वाँ वैदिक यज्ञ किया गया। रात्रि में ग्राम खाम खेड़ा, तहसील आष्टा में आर्य भरत जी मुकाती जी के सान्निध्य में बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। 17 जुलाई को ग्राम हरनावदा, तहसील जावर के श्री राम मंदिर में 25वाँ वैदिक यज्ञ प्रातः 9 से 11 बजे तक सम्पन्न हुआ। यज्ञ के मुख्य यजमान श्री सार्थक जी ठाकुर रहे। रात्रि में ग्राम बड़ोदिया में आचार्य हेमराज जी आर्य ने बौद्धिक सत्र को संबोधित किया। यज्ञ का संपादन पंडित दिलीप आर्य एवं पंडित हरिओम सरल ने कराया। अभियान के अंतर्गत जिले में 251 परिवारों में वैदिक यज्ञ, 51 विद्यालयों में योग-आत्मरक्षा शिविर और 125 ग्रामों में आर्य वीर दल की शाखाएं स्थापित करने का संकल्प लिया गया है। यज्ञोपरांत भजनों के बाद बौद्धिक सत्र में श्राद्ध, तर्पण, पंच महायज्ञ, हवन के लाभ, संध्या, पाखंड निवारण, स्वर्ग-नरक और जीवन के उद्देश्य जैसे विषयों पर पंडित दिलीप आर्य, पंडित हरिओम सरल, आचार्य विजय राठौर, आर्य बाबूलाल सोनी, आर्य भरत मुकाती, आचार्य हेमराज आर्य ने विचार रखे।

### गुरुकुल में बटुक ब्राह्मणों से मिले विधायक राय

**सीहोर।** धार्मिक प्रवृत्ति से परिपूर्ण विधायक सुदेश राय ने मंडी स्थित सीताराम आश्रम गो तीर्थ पहुंचकर गो सेवा की और आश्रम का अवलोकन किया। उन्होंने सतगुरु विद्यापीठ में अध्ययनरत बटुक ब्राह्मणों से आत्मीय भेंट कर सनातन संस्कृति विद्या अर्जन की पूरी जानकारी ली। विद्यापीठ के संचालक पंडित नरेश तिवारी ने विधायक सुदेश राय को गीता प्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित 'गौ सेवा अंक' पुस्तक भेंट की। पंडित तिवारी ने भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और वैदिक शिक्षा के संरक्षण के लिए विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय द्वारा किए जा रहे प्रेरणादायी कार्यों की सराहना की। आश्रम अवलोकन के दौरान विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और हमारे संत जन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए देश-विदेश में व्यापक कार्य कर रहे हैं।

## पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला, डीए घोषणा में दोनों राज्यों की पारस्परिक सहमति की अनिवार्यता समाप्त

**सीहोर।** मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जनकल्याण संघ ने पेंशनरों के महंगाई भत्ते (डीए) की घोषणा में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों के बीच पारस्परिक सहमति की अनिवार्यता समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ ने इसे पेंशनरों के हित में एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय कदम बताया है।

संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई 2026 को दोनों राज्यों के वित्त सचिवों द्वारा इस संबंध में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद पेंशनरों के लिए डीए स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक सरल और समयबद्ध हो सकेगी।

रामगोपाल सेन ने कहा कि अब मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को भी केंद्र सरकार के समान समय पर महंगाई भत्ते का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने इसे लंबे समय से लंबित पेंशनरों की मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। संघ ने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से हजारों पेंशनरों को राहत मिलेगी और भविष्य में महंगाई भत्ते की घोषणा अनावश्यक प्रशासनिक विलंब से प्रभावित नहीं होगी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित बी.एम. सिंह सिसोदिया, सिद्धू सिंह ठाकुर, पी.के. श्रीवास्तव, शंकर शर्मा, बी.एस. देवड़ा, आलोक शर्मा, इंदर सिंह वर्मा, महेश बगबैया, मूलचंद दहेलिया, मोहन सोनगरा, मदनलाल वर्मा, भगवती प्रसाद गेहलोत, बलराम सिसोदिया, बहादुर सिंह परमार, सुनील भार्गव, चंद्रकांति श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया।

# बक्तरा में ढोल ढमाकों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज और विधायक का पुतला किया दहन

## पुलिस से तीखी झड़प, पानी की बौछारें भी नहीं रोक पाईं कांग्रेसियों का गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बक्तरा में मूंग खरीदी और ई.टोकन प्रणाली के विरोध में कांग्रेस और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसान कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और किसानों ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए ढोल-धमाकों के बीच प्रदेश सरकार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव और मप्र के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के पुतले एक-एक कर फूंक दिए।

प्रदर्शन का अंत यहीं नहीं हुआ कांग्रेसियों और किसानों ने इन पुतलों की राख को एकत्रित किया और बाकायदा उसे नर्मदा नदी में विसर्जित कर दिया। बता दें इस प्रदर्शन की बुधनी विधानसभा में जमकर चर्चा हो रही है। दरअसल, साल 2005 में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद पिछले दो दशकों में यह पहला मौका है जब बीजेपी के कद्दावर नेता शिवराज सिंह चौहान के अपने ही गढ़ बुधनी में उनका पुतला दहन किया गया है।

#### पुलिस से झड़प, पानी की बौछारें बेअसर

पूर्व विधायक देवकुमार पटेल और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में यह उग्र प्रदर्शन हुआ। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाकों के साथ चारों नेताओं के पुतलों को आग लगाना शुरू किया, वहां तैनात भारी पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें भी की गईं, जिसके चलते पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प और भारी मशक्कत देखने को मिली।



हालांकि आक्रोशित कांग्रेसी और किसान पीछे नहीं हटे और पुतलों का दहन करके ही दम लिया।

#### यह संघर्ष हर स्तर तक जारी रहेगा

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि किसानों के हक, सम्मान और उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए हमारा संघर्ष हर स्तर पर जारी रहेगा। जब तक सरकार 100 प्रतिशत मूंग खरीदी सुनिश्चित नहीं करती और इस जटिल ई टोकन प्रणाली को पूरी तरह समाप्त नहीं करती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

## विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ सहभागिता की

# गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अवसर पर मुंगावली स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना से हुई। इसके पश्चात गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत मेरे जीवन में गुरु का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कसौटिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर घनश्याम दोग्ने ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है और यही उज्वल भविष्य का आधार बनता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ज्योति त्यागी, जितेंद्र बड़ोदिया, रितेश राठौर, भैरव सिंह शाक्य, मुकेश सिसोदिया, प्रमोद खत्री, पूजा गांधी, सुनीता भदोरिया, अंजू दोग्ने, रेखा विश्वकर्मा, उर्मिला यादव एवं घनश्याम मोहनिया का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आगे भी विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**



### सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जारी प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार की शाम को एक रोमांचक मुकाबले सीहोर क्लब ने सीहोर एमजी क्लब को 2-1 से हराया। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से अंतिम समय में आदित्य ने शानदार गोल किया। वहीं शनिवार की शाम को चार बजे आगामी दिनों में जूनियर राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय फुटबाल टीम की ट्रायल का आयोजन जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जाएगा। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को खेले गए कांटे के मुकाबले में सीहोर क्लब ने एमजी क्लब पर 2-1 से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से दीपक-आदित्य ने 1-1 गोल के अलावा एमजी क्लब की ओर से वंश ने 1 गोल किया। इसके अलावा मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी दिनों में होने वाली जूनियर टीम के लिए 18 जुलाई को शहर के चर्च मैदान पर ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इसमें 15 साल से 17 साल की आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल रहेंगे। इसको लेकर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने ट्रायल के लिए एक समिति का गठन किया है।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय के अफसरों ने किया निरीक्षण

**सीहोर।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सीहोर का आधिकारिक निरीक्षण कर संस्थान में संचालित प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, स्वरोजगार आधारित गतिविधियों एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। अधिकारियों ने संस्थान की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की और इसे ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव एस. शशि कुमार, उप सचिव रामचंद्र तथा अवर सचिव विनोद सावंत ने संस्थान में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों से सीधे संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं तथा भारत सरकार की स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी एवं पारदर्शी रूप से पहुँच रहा है। अधिकारियों ने संस्थान परिसर में पौधारोपण किया।

## गांव-गांव सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनव पुतला दहन से बढ़ रहा असंतोष

# मूंग खरीदी की मांग पर आक्रोश, लाड़कुई में पुतला दहन रोकने पर पुलिस, कांग्रेस में झूमा-झटकी

ई-टोकन व्यवस्था और खाद संकट को लेकर किसानों का गुस्सा सड़क पर, कांग्रेस बोली, सरकार तुरंत दे राहत, नहीं तो आंदोलन होगा तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





तहसील के लाड़कुई में शनिवार को मूंग खरीदी को लेकर किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। 100 प्रतिशत खरीदी और ई-टोकन व्यवस्था खत्म करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जब प्रदर्शनकारी राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन करने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे मौके पर कुछ झूमझटकी देखने को मिली इस दौरान हल्की झड़प भी हुई।

हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन प्रशासन ने अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप किया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर विरोध जताया गया।

### किसानों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

प्रदर्शन में शामिल यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल ने कहा कि मौजूदा मूंग खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया डीएपी खाद नहीं मिल रहा है, तो वहीं ई टोकन प्रक्रिया किसानों की परेशानी बन गई है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करे और ई-टोकन जैसी जटिल प्रक्रिया को खत्म कर सरल व्यवस्था लागू करे। उनका कहना था कि जब किसान अपनी मेहनत से फसल तैयार करता है तो उसे बेचने के लिए इस तरह भटकना नहीं पड़ना चाहिए।

### मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा

भैरुंदा तहसील के अन्य गांवों में भी किसानों का आक्रोश देखने को मिल रहा है। कई जगह किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### खरीदी में देरी से बढ़ी परेशानी

किसानों का आरोप है कि खरीदी प्रक्रिया में देरी और अव्यवस्था के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसानों की मूंग अभी भी घरों में रखी हुई है, जबकि बाजार में उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल रहा। ई-टोकन प्रक्रिया भी उनके लिए बड़ी समस्या बन गई है, जिसमें समय पर स्लॉट नहीं मिलने से परेशानी और बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि एक तरफ उन्होंने मेहनत कर अच्छी फसल तैयार की, वहीं दूसरी ओर उसे बेचने के लिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है और कर्ज का बोझ भी बढ़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव और बुधनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश का किसान आज संकट के दौर से गुजर रहा है, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मूंग का उत्पादन अच्छा हुआ है, लेकिन खरीदी सीमित होने के कारण हजारों किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। उन्होंने खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था, धीमी प्रक्रिया और स्पष्ट दिशा-निर्देशों की कमी को किसानों की परेशानी का मुख्य कारण बताया। साथ ही खरीफ सीजन के बीच खाद की कमी को भी गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है।

**सरकार से की प्रमुख मांगें :** कांग्रेस नेताओं ने सरकार से मांग की है कि मूंग की खरीदी किसानों की वास्तविक उपज के अनुसार बढ़ाई जाए, सभी पंजीकृत किसानों की पूरी उपज खरीदने की गारंटी दी जाए और खरीदी की समय-सीमा बढ़ाई जाए।

साथ ही खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने और खाद की कमी को तुरंत दूर करने की मांग भी उठाई गई। पट्टाधारी किसानों को भी बिना भेदभाव खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

विक्रम मस्ताल शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर आंदोलन को गांव-गांव से लेकर सड़क, विधानसभा और संसद तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी लाड़कुई के ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीणा, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल, राजकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

## आईईएस पब्लिक स्कूल में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन



**सीहोर।** आईईएस पब्लिक स्कूल सिहोर में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन आईईएस कॅम्पस में किया गया जिसमे नर्सरी क्लास के लिए विद्यारंभ संस्कार पूरे श्रद्धा, प्यार और आशीर्वाद के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे हाथों ने अपने माता-पिता की मौजूदगी में स्लेट पर अपना पहला क ख ग लिखा जो उनकी सीखने की यात्रा की एक शुभ शुरुआत थी।

यह कार्यक्रम मुस्कुराहटों, प्रार्थनाओं और गर्व भरे पलों से भरा था, जिसमें माता-पिता और बच्चों ने एक साथ हिस्सा लिया जिसका शुभारसम्भ इंजीनियर बी एस यादव, चान्सलर, आईईएस यूनिवर्सिटी, द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा विद्या केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और जीवन-मूल्यों का प्रथम प्रकाश है के लिए आयोजित किया गया। जिसमे नर्सरी के छात्रों ने पवित्र विद्यारंभ संस्कार समारोह के साथ सीखने की दुनिया में अपना पहला कदम रखा। अंत में आईईएस पब्लिक स्कूल की ग्रुप डाइरेक्टर प्रोफ मनीषा क्वाथेकर ने सभी पालकों का आभार व्यक्त किया।

## किसान दिवस पर आरसेटी का भ्रमण कर प्रशिक्षणार्थियों का बढ़ाया उत्साह



**सीहोर।** किसान दिवस के अवसर पर 18 जुलाई 2026 को बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सीहोर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा संस्थान की गतिविधियों की सराहना की।

भ्रमण के दौरान बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय, मुंबई के महाप्रबंधक श्री लोकेश कृष्णा, एफजीएमओ भोपाल के महाप्रबंधक श्री संजय श्रीवास्तव, भोपाल आंचलिक कार्यालय के आंचलिक प्रबंधक श्री बी.आर. पटनायक एवं उप आंचलिक प्रबंधक श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने संस्थान का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संस्थान में संचालित जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर एवं होममेड अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उन्हें स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने आरसेटी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी उत्साहवर्धन किया तथा पूर्व निर्धारित लक्ष्यों की सफलतापूर्वक प्राप्ति पर उन्हें बधाई दी। साथ ही संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। भ्रमण के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय, सीहोर शाखा एवं के.यू. मंडी शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## संस्कार, सेवा और पर्यावरण का संदेश: नन्हे बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर में एक अनोखी पहल देखने को मिली, जहां जन्मदिन को खास बनाने के लिए खुशियां जरूरतमंद बच्चों के साथ साझा की गईं। शासकीय सद्दाम स्कूल में आरव पंवार ने अपना 9वां जन्मदिन बच्चों के बीच मनाते हुए सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

आरव पंवार अपने पिता अर्जुन पंवार व छोटी बहन नमामि पंवार के साथ स्कूल पहुंचे और वहां अध्ययनरत करीब 80 बच्चों को पेन और कॉपियां वितरित कीं। इसके साथ ही सभी बच्चों को केले भी बांटे गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच ही केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, जिससे बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला। वल खुशियां बांटने तक ही कार्यक्रम सीमित नहीं रहा, बल्कि स्कूल परिसर में दो जामुन के पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस पहल ने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर उपस्थित रहे। उनके साथ पारस वर्मा, अजय पटेल, संजय पटेल, मुकेश पंवार, गंभीर जाट, पत्रकार राजेश पंवार, धर्मेंद्र योगी सहित स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएं और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीत प्रस्तुत किए, जिनकी अतिथियों ने सराहना की। मुख्य अतिथि मारुति शिशिर ने भी बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित कर उन्हें पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। गौरतलब है कि आरव पंवार द्वारा यह पहल लगातार दूसरे वर्ष भी की गई है। पिछले वर्ष भी उन्होंने अपना जन्मदिन आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच मनाकर शिक्षण सामग्री वितरित की थी। परिवार का संकल्प है कि आगे भी जन्मदिन जैसे अवसरों को समाज सेवा से जोड़ते हुए शासकीय स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया जाएगा और उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

### विशेष लोक अदालत में 29 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय सहित सभी तहसील न्यायालयों में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम अंतर्गत चेक बाउंस के न्यायालय में वर्षों से लंबित एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति और सुलह समझौते के आधार पर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि विशेष लोक अदालत में चैक बाउंस के प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर कुल 9 खंडपीठों का गठन किया गया था। विशेष लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल 46 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गए, जिनमें से 29 प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से समझौते कराये गए और समझौता राशि 01 करोड़ 11 लाख 56 हजार 821 रूपये जमा कराई गई।

## पठन की आदत से बढ़ेगी एकाग्रता और आत्मविश्वास: मुकेश पंवार

# मोबाइल से दूरी, किताबों से दोस्ती का संदेश 'पठन का महत्व' पर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



डिजिटल दौर में जहां बच्चों के हाथों में किताबों की जगह मोबाइल फोन तेजी से ले रहे हैं, वहीं विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से देवमाता हायर सेकेंडरी स्कूल में 'पठन का महत्व' विषय पर प्रेरणादायी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता मुकेश पंवार ने विद्यार्थियों को सरल और सहज भाषा में पढ़ने की आदत के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती हैं और यदि रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ने की आदत बना ली जाए तो पढ़ाई कभी बोझ नहीं लगती, बल्कि आनंद देने लगती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। साथ ही बताया कि आज के समय में ध्यान भटकना सबसे बड़ी समस्या है, जिसे नियमित पठन से दूर किया जा सकता है।

मुकेश पंवार ने 'पोमोडोरो तकनीक' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 25-25 मिनट के छोटे-छोटे सत्रों में पढ़ाई करने से एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यदि छात्र लगातार 7 दिन तक इस तकनीक को अपनाएं तो पढ़ने की आदत स्वतः विकसित हो जाती है। इसके साथ ही उन्होंने (सर्वे, प्रश्न, पढ़ना, दोहराना और समीक्षा) पद्धति को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि इस तरीके से पढ़ाई करने पर किसी भी विषय को आसानी से समझा जा सकता है और वह लंबे समय तक याद रहता है। कार्यशाला के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि नियमित पठन से न केवल ज्ञान बढ़ता है, बल्कि शब्द भंडार मजबूत होता है, सोचने-समझने की क्षमता विकसित होती है और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पढ़ाई के नए-नए तरीकों को सीखने में रुचि दिखाई। अंत में विद्यालय परिवार ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में पढ़ने की अच्छी आदत विकसित होगी और उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा।

## सूखती फसलों के बीच किसानों ने किया इंद्रदेव का भजन



**सीहोर।** क्षेत्र में लगातार बारिश न होने से खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी थीं। कुएं, तालाब और अन्य जलस्त्रोत भी सूखने की कगार पर पहुंच गए थे। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम रलावती, चंदेरी और आसपास के किसानों ने सामूहिक पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। यह आयोजन किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में हुआ।

किसानों ने खेतों में ढोलक, हारमोनियम और अगरबत्ती के साथ इंद्रदेव भगवान का स्मरण किया। उन्होंने अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना की, ताकि फसलें सूखने से बच सकें, खेतों में हरियाली लौट आए और कुएं-तालाब फिर से पानी से भर जाएं। शाम तक किसानों ने पूरी श्रद्धा के साथ भजन-कीर्तन जारी रखा और अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना करते रहे। किसानों के मुताबिक, भजन के दौरान ही आसमान में धीरे-धीरे बादल छाने लगे और कुछ समय बाद बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। यह देखकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने इंद्रदेव भगवान, भगवान शिव और हनुमान जी के जयकारे लगाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### मूंग खरीदी, खाद और बिजली के मुद्दे पर किसान कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मंत्रियों के पुतले फूंके

सीहोर। किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्धों को लेकर शनिवार, 18 जुलाई को जिला कांग्रेस कार्यालय में किसान कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश चौहान ने किया। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान किसानों की मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने, खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की तरह सरल एवं परेशानी मुक्त व्यवस्था लागू करने तथा बिजली की बढ़ी हुई दरें वापस लेकर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग जोर-शोर से उठाई गई।किसान हित में फैसला लो, किसानों को न्याय दो जैसे गगनभेदी नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के पुतले दहन किया।